उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल गोमती नगर,

लखनऊ- 226010

संख्या:- 53 / 02 / विज्ञा० अनु० (ग्यारह) / 02- परीक्षा /2018

लखनऊ : दिनांक : 20 नवम्बर, 2018

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या- 02 परीक्षा/2018 द्वारा सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2018 के अंतर्गत विज्ञापित ग्राम पंचायत अधिकारी के 1527 पदों, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) के 362 पदों तथा समाज कल्याण पर्यवेक्षक के 64 पदों पर लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त किये गए हैं। आयोग के उक्त विज्ञापन के बिन्दु-12 पर प्रश्नगत पदों की लिखित परीक्षा हेतु प्रस्तावित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम का उल्लेख किया गया है।

सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2018 दिनांक- 22 व 23 दिसम्बर, 2018 (शनिवार एंव रविवार) को दो-दो पालियों में (प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03:00 से 05:00 बजे तक) आयोजित किये जाने की सूचना, सूचना संख्या-189/9 परीक्षा-01 (तीन)/2018 दिनांक- 17 अक्टूबर, 2018 द्वारा ऑनलाइन प्रकाशित की गयी हैं।

प्रश्नगत परीक्षा से सम्बंधित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या- 02 परीक्षा/2018 के बिन्दु-12 पर प्रकाशित **"प्रस्तावित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम"** को अब अंतिम परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम समझा जाए। प्रश्नगत परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, जिसमे एक प्रश्नपत्र 300 अंको का होगा। प्रश्नपत्र में 50-50 प्रश्नों के 3 खण्ड होंगे। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा। इस प्रकार से अभ्यर्थियों का चयन कुल 300 अंको के आधार पर किया जायेगा जिसका विवरण निम्नवत हैं-

परीक्षा योजना

विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	समयावधि
भाग-1- हिंदी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता	50	100	दो घंटा
भाग- 2- सामान्य बुद्धि परीक्षण	50	100	
भाग- 3- सामान्य जानकारी	50	100	
योग	**150**	**300**	

उपरोक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंक) दिए जाने का प्रावधान है , दो प्रश्न गलत होने पर एक सही प्रश्न का अंक काटा जायेगा।

पाठ्यक्रम

भाग – 1- हिंदी परिज्ञान और लेखन योग्यता-

उक्त भाग में अभ्यर्थियों से हिंदी भाषा के ज्ञान, समझ तथा लेखन योग्यता सम्बन्धी प्रश्न पूछे जायेंगे। यह भाग उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा के स्तर का होगा।

भाग- 2- सामान्य बुद्धि परीक्षण -

इस भाग में पूछे जाने वाले प्रश्नों का उद्देश्य किसी नवीन परिस्थिति को समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण कर पहचान करने एवं तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस भाग में ऐसे प्रश्न भी पूछे जायेंगे, जो अनुदेशों को समझने, सम्बन्धों / समानताओं /संगतताओ का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने तथा बौद्धिक क्रियाओं से सम्बंधित हों।

भाग- 3- सामान्य जानकारी –

इस भाग में अभ्यर्थियों से उसके चतुर्दिक वातावरण के सम्बन्ध में सामान्य जानकारी तथा समाज में उसकी उपयोगिता के सम्बन्ध में, योग्यता मापने के लिए प्रश्न पूछे जायेंगे। इस भाग में सम- सामयिक घटनाओं, प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों, विशेष रूप से भारत से सम्बंधित ऐतिहासिक/भौगोलिक तथ्यों से सम्बंधित एवं वैज्ञानिक पहलुओं से सम्बंधित प्रश्न भी पूछे जायेंगे।

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ।

KD LIVE